हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

14 ओबीसी आयोग के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष...


## पर्व : सोने-चांदी कीमतों में उछाल से ग्राहकों में मायूसी

# पुष्य नक्षत्र में फीका रहा बाजार, व्यापारियों को अब धनतेरस से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुष्य नक्षत्र में इलाके का सबसे बड़े मार्केट में भीड़ नहीं दिखी। अलबत्ता कुछ चुनिंदे ज्वेलरी शॉप में ग्राहकी जरूर लगी। व्यापारियों को जैसे कि पुष्य नक्षत्र में बहुत उम्मीद थी, परंतु मार्केट में उतना जोर नहीं पकड़ा। सदर बाजार में व्यापारी सुबह जब दुकान खोले तो उन्हें उम्मीद की किरण नजर आई थी, परंतु दोपहर होते तक बाजार में हल्का-फुल्का चहल पहल रही।

दोपहर बाद खास तौर से ज्वेलरी शॉप, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन और कपड़ा दुकानों में लोगों ने इस मुहूर्त में खरीदारी करते देखा गया। हालांकि बाजारों में आवश्यकता वाली सामग्री खरीदने आमजनों की भीड़ अवश्य है। बता दें कि जब तक किसानों और सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के हाथ में पैसे नहीं आते तब तक बाजार ऐसे ही सुना रहेगा। धनतेरस पर्व से 5 दिनों का दीपोंउत्सव प्रारंभ हो रहा है। पूरा बाजार सज कर तैयार है। कुछ नामी व्यापारियों को छोड़ दे तो शेष दुकानों में अब भी ग्राहकी के अभाव में दुकानदार खाली बैठे हैं। दीपावली जैसे प्रमुख बड़े त्यौहार जो किसानों और हर वर्ग के लिए खास मायने रखता है।



इधर अब आने वाले दिनों में व्यापारियों को धनतेरस और लक्ष्मी पूजा में अच्छी ग्राहकी का भरोसा है। हालांकि सबसे बड़ा पर्व होने के चलते हर कोई कहीं ना कहीं किसी भी स्थिति या परिस्थिति में अपनी व्यवस्था कर त्यौहार को खुशहाली पूर्वक मानने जमकर खरीदी करते हैं। शहर के ज्वेलर्स संचालक दुलीचंद चांडक ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में जिस तरह से उम्मीद थी ऐसा नहीं रहा, बावजूद ग्राहकों की भीड़ संतोषप्रद रही। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में सोने चांदी की कीमतों पर तेजी आना वही अन्य सामानों पर भी महंगाई दर बढ़ गई है, जिससे भी आमजन भारी समानों में कटौती कर रहे हैं।

### धनतेरस के लिए मात्र 3 दिन शेष, दीपावली 5 दिन बाद

धनतेरस के लिए मात्र अब 3 दिन और दीपावली के लिए 5 दिन का समय शेष रह गया है। बावजूद इस बार अभी तक दिवाली बाजार जोर नहीं पकड़ सका है। उम्मीद है कि अब इधर बाजार में रौनक आएगी। आसपास के सैकड़ों गांव के लोगों के लिए बेमेतरा का बाजार काफी मशहूर माना जाता है ।दीपावली में खरीदी करने यहां लोग पहुंचते हैं। भीड़ इस कदर रहती है कि मेले की तरह नजर आती है। कमोबेश सोने चांदी के दुकान, कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर, बर्तन, फैंसी दुकान भीड़ से आबाद रहता है। इस बार तो यहां के ज्वेलरी शॉप वाले संचालक एक से एक बढ़कर नई-नई डिजाइनों के फैंसी आइटम भरपूर स्टॉक में लाकर रखे हुए हैं। कुछ ज्वेलरी शॉप के संचालकों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी दुकान में इस बार एक से बढ़कर एक आइटम भरपूर स्टॉक में है। नई डिजाइन के अंगूठी, हार झुमका, ईयर रिंग, टॉप्स, मंगलसूत्र, पायल, पेजब सहित महिलाओं के हर प्रकार के गहने विशेष तौर पर उपलब्ध है। सर्राफा व्यावसाइयों का कहना है कि धनतेरस पर ग्राहकों की चहल-पहल और खरीदारी अच्छी होने की उम्मीद है।



### कलेक्टोरेट परिसर में सजा दीपावली मेला स्टॉल

बेमेतरा। कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत एक विशेष "दीपावली मेला स्टॉल" का आयोजन किया गया। इस स्टॉल का संचालन जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों में सक्रिय स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा स्वयं निर्मित सामग्री का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। मेले में ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक एवं आकर्षक उत्पाद जैसे अगरबत्ती, धूपबत्ती, दिया-बत्ती, फैंसी दीये, एवं मिट्टी से निर्मित दीपावली सजावट की वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। इन हस्तनिर्मित वस्तुओं ने न केवल पारंपरिक कला का परिचय दिया, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की भावना को भी उजागर किया। यह स्टॉल 15 एवं 16 अक्टूबर को संचालित किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन, 15 अक्टूबर को कुल 5,900 की सामग्री का सफल विक्रय हुआ, जिससे महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने स्टॉल का भ्रमण कर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की और बनाये गए उत्पादों का क्रय भी किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने का एक उत्कृष्ट माध्यम हैं। उनके साथ चंद्रकांति वर्मा, उपाध्यक्ष एवं संकल्प साहू, सचिव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत एवं महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल से समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए एक सशक्त विपणन मंच मिला है। आने वाले समय में ऐसे आयोजनों के माध्यम से जिले के अन्य समूहों को भी प्रोत्साहन देने की योजना है। इस आयोजन ने "बिहान" मिशन के उस उद्देश्य को साकार किया है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है।

■ स्वसहायता समूहों की महिला सदस्यों ने प्रदर्शित की आत्मनिर्भरता की मिसाल

### दीपावली के पूर्व रंग बिरंगी रंगोली और दीयों से सजा बाजार

थान खम्हरिया। नगर में लोगों के घरों में दीपावली की तैयारी शुरू हो गई है। दिवाली के पूर्व रंग बिरंगी रंगोली से नगर का बाजार पूरी तरह सज गया है। बाजार व घरों में महिलाएं पुरुष साफ-सफाई में लगे हैं।

दुकानदार अपने दुकान को सजाने संवारने में लगे हैं। दुकानदार बड़ी ही उत्सुकता से ग्राहक के इंतजार कर रहे हैं। कपड़ा, रेडीमेड, सोना चांदी, बर्तन, मनिहारी, ट्रेडर्स अन्य दुकानदारों ने भरपूर त्यौहार के हिसाब से खरीदारी कर चुके हैं। विक्रेता दीपक बंसल शेख बैग हाउस ने बताया, बाजार में रंगोली की मांग बढ़ रही है और महिलाएं युवतियां आपने पसंद के रंगों को घरों के आंगन में सजाने के लिए ले जा रही है। वहीं मिट्टी के दीपक सहित माता लक्ष्मी की प्रतिमा भी बाजार और क्षेत्र में बिकने आ रही है। मिट्टी के दीपकों की खरीदी नगरवासी व ग्रामीण अंचल के लोग कर रहे हैं। नगर के मूर्तिकार दौवाँ कुंभकार, राजेश कुंभकार ने बताया, वर्तमान में मिट्टी के दीपकों को लोग खरीद कर अपने घर में ले जा रहे हैं। मोमबत्ती प्लास्टिक की दीपों की मांग कम हो गई है। परंपरागत रूप से मिट्टी से निर्माण कर रहे हैं। कई परिवार दीपावली में सबसे ज्यादा उम्मीद लगाए रहते हैं। क्योंकि उनके बनाए दीप हर घर में जगमगाते हैं। अमीर हो या गरीब हर घर में दीपक जलाए जाते हैं। क्षेत्र में सैकड़ो परिवार ऐसे हैं जो दिवाली पर दीपकों का निर्माण कर आसपास ग्रामीण अंचल में भी बिक्री करने जाते हैं। इन गरीबों की कड़ी मेहनत से ही हमारे घर में दिवाली की खुशियां आती है। फिर भी इनको उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल पाता।



## खबर संक्षेप

### सोती बालिका की सर्पदंश से हुई मौत

साजा। बुधवार की रात झोपड़ी में रहने वाले गरीब नाबालिग यादव परिवार का चिराग सर्पदंश का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात 1 बजे बाध के ऊपर झोपड़ी बनाकर रहने वाले भागवत यादव 16 वर्ष को जहरीले सांप ने काट दिया। पड़ोसियों की मदद से उसे साजा अस्पताल लेकर गये, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। लाश का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया है।

### सतनामी समाज ने लगाया मृत्यु भोज पर रोक

बेमेतरा। सुरकी गांव में सतनामी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने कई अहम फैसले लिए। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर समाज के किसी भी सदस्य की मृत्यु होती है, तो घर वाले के अलावा अन्य रिश्तेदार कपड़ा नहीं लाएंगे। इसके बजाय, वे मृत परिवार को यथाशक्ति 10, 20 या 50 रुपये देंगे जिससे मृत परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। इसके अलावा, यह भी निर्णय लिया गया कि मृत्यु भोज और दशगात्र जैसे आयोजनों का आयोजन नहीं किया जाएगा।

0 मृत्यु भोज और दशगात्र पर रोक समाज के लोगों ने निर्णय लिया है कि मृत्यु भोज और दशगात्र जैसे आयोजनों का आयोजन नहीं किया जाएगा। जिससे अनावश्यक खर्चों में कटौती की जा सके। इस निर्णय से समाज के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है, क्योंकि वे अनावश्यक खर्चों से बच सकेंगे. इस बैठक में समाज के कई प्रमुख लोगों ने भाग लिया, जिनमें ▶▶| शेष पेज 14 पर

# खरीदी से पहले समिति कर्मचारियों ने दी बेमियादी हड़ताल की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में 15 नंबर से धान खरीदी होनी है, लेकिन 3 नवंबर से सहकारी समिति कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा कर चुके हैं और इससे पहले 24 अक्टूबर से जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन का दौर शुरू होगा।

■ धान खरीदी से पहले समितियों में लग सकता है ताला

धान खरीदी का समय आते ही किसानों के लिए हर साल की कहानी दोहराई जाती है फसल तैयार, मौसम सही, पर समितियां तैयार नहीं। किसान गाड़ी में बोरी बांधकर केंद्र की ओर निकलता है, वहां ताला लटका देख लौट आता है। एक किसान ने तंज कसा- धान तैयार है, बोरी तैयार है, ट्रॉली तैयार है, बस सरकार और समिति ही तैयार नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 'त्योहार' कही जाती है, पर इस बार त्योहार से पहले शोक सभा का माहौल बनता जा रहा है। सरकार चुप है, विभाग मौन है, और किसान परेशान हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो इस बार खेतों में धान नहीं, गुस्सा पक जाएगा।

**कर्मचारी बोले – बोनस नहीं, न्याय चाहिए:** छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी संघ का कहना है कि वे महीनों से वेतन, प्रोत्साहन राशि और यात्रा भत्ता के इंतजार में हैं। जगमोहित साहू, जिलाध्यक्ष सहकारी समिति संघ बेमेतरा, ने कहा धान खरीदी में हम सबसे पहले आते हैं और सबसे अंत में भुगतान पाते हैं। शासन को हर रिपोर्ट समय पर चाहिए, लेकिन हमें हक समय पर नहीं मिलता। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा सरकार हमें 'धान के रखवाले' कहती है, लेकिन हमारे हक के रखवाले कौन हैं?

### खरीदी पर संशय

किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों की तैयारी अधूरी है। कई समितियों में गोदामों की मरम्मत अधर में है, कहीं बारदानों की कमी है, तो कहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर तक नहीं। अब जब कर्मचारी ही हड़ताल पर जा रहे हैं, तो किसान पूछ रहे हैं धान बेचने किसे जाएं? किसान खुद तौलेंगे या अफसर धान उठाएंगे? पिछले साल भी खरीदी देर से शुरू हुई थी, इस बार तो कर्मचारी भी नाराज हैं।

# पात्र हितग्राहियों को मिले पिछड़ा वर्ग योजनाओं का लाभ



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने जिला कार्यालय के दिशासभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागवार लक्ष्यों, कार्य योजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली। निषाद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा समाज की अंतिम पंक्ति तक योजनाओं को पहुंचाकर प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि सभी नागरिक सुखमय जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का प्रमुख उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करना और उनमें आ रही बाधाओं को दूर करना है।

निषाद ने कहा कि जब जिला विकसित होगा, तब राष्ट्र भी समृद्ध होगा इस अवधारणा को ध्यान में रखकर सभी अधिकारी 'विजन छत्तीसगढ़ 2047' के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनी भूमिका संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत, सशक्त भारत के निर्माण की ▶▶| शेष पेज 14 पर

# मनरेगा में पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत संचालित ग्राम पंचायतों में मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अभियान जारी है।

■ 25 अक्टूबर तक सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण कराने जुटा महकमा

इस अभियान का उद्देश्य योजना के तहत कार्यरत सभी मजदूरों का ई-केवाईसी पूर्ण कराना है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी या भुगतान संबंधी कठिनाई उत्पन्न न हो। जनपद पंचायत बेरला के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों को 25 अक्टूबर तक ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, उन्हें भविष्य में मनरेगा अंतर्गत कार्य करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। ई-केवाईसी के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड शामिल हैं। मजदूर इन दोनों दस्तावेजों के साथ अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। ई-केवाईसी का विशेष महत्व इस बात में निहित है कि इससे मनरेगा योजना के लाभ का सीधा और पारदर्शी हस्तांतरण मजदूरों के बैंक खातों में किया जा सकेगा। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। जनपद पंचायत बेरला ने सभी जॉब कार्डधारियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे उनके रोजगार और भुगतान में कोई व्यवधान न हो। किसी प्रकार की समस्या या सहायता की आवश्यकता होने पर श्रमिक संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक या सचिव से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद पंचायत बेरला के मनरेगा प्रकोष्ठ कार्यालय में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। सभी श्रमिक अपने आधार कार्ड के माध्यम से ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण कराएं, ताकि योजना के लाभ में किसी प्रकार की बाधा न आए और उन्हें निरंतर रोजगार का लाभ मिलता रहे।







एकता
हेल्थ केयर
हॉस्पिटल
एकता हेल्थ केयर
एकता हेल्थ केयर
कमला मेडिकल स्टो
नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
नवजात शिशु एवं बच्चों की भर्ती की सुविधा (NICU and PICU)
सभी प्रकार की टीका की सुविधा प्रत्येक दिन
C.P.A.P. एवं वेंटीलेटर की सुविधा
नवजात शिशु के पीलिया के लिये फोटोथेरेपी की सुविधा
X-Ray एवं ब्लड टेस्ट की सुविधा
EEG, ECG, OAE एवं PFT टेस्ट की सुविधा
बच्चों के आहार संबंधी परामर्श
बाल दमा संबंधी परामर्श
डॉ. सुरेश कुमार
Director
B.H.M.S, C.C.H., D.C.P.
मेडिकल कॉलेज बिलासपुर रजि. CG.2108
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. श्रीमती रीता
B.A.M.S., D-PHARMA
मेडिकल कॉलेज रायपुर, रजि. नं. CG.-01476
स्त्री रोग एवं जनरल फिजिशियन
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. अर्चना जांगडे
M.B.B.S., D.G.O., Gynecologist
सप्ताह में एक दिन सोमवार
डॉ. सूर्यकान्त
M.B.B.S., D. Ortho
आर्थोपेडिक सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजि. नं. CG MC 4745/2013
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. यश ओमप्रकाश भुतड़ा
M.B.B.S., M.D., Radiology
रजि. नं. CG MC 13271/2022
सप्ताह में एक दिन बुधवार
डॉ. जी.सी. जांगड़े
M.B.B.S., Gen. Surgery
सप्ताह में एक दिन सोमवार
डॉ. एस. साई विष्णु
MBBS, रजि. नं. CG MC 14728/2024
उपलब्ध सुविधाएँ:
* डिजिटल एक्स-रे * पैथोलॉजी जाँच
* मेडिकल स्टोर्स * ई.सी.जी. मशीन (ECG)
* फोटो थैरेपी मशीन (नवजात शिशु)
* नेबुलाइजर मशीन * मल्टी पैरामीटर मशीन
* ऑक्सीजन एवं संक्शन मशीन
* आपातकालीन सुविधा (Casualty)
* सभी बड़ी एवं छोटी सर्जरी के लिए आधुनिक ऑपरेशन
* सामान्य प्रसव एवं सिजेरियन
* डिलीवरी उपलब्ध (LSCS)
* C-Arm मशीन की सुविधा
चौबीस घंटे उपलब्ध
CT Scan 32 Slice
उपलब्ध विभाग:
* जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
* मेडिसीन एवं हृदयरोग विभाग
* हड्डी एवं स्पाइन जोड़ रोग विभाग
* स्त्री रोग विभाग * एनस्थिसिया विभाग
* मूत्र रोग विभाग * शिशु रोग विभाग
24/7
EMERGENCY SERVICES
AMBULANCE
24 घंटे ऑन कॉल सेवा उपलब्ध।
Helpline No. : 9977449292

**खबर संक्षेप**



## पैलपार में एक दिवसीय मानस मंडली संपन्न

**थान खम्हरिया।** समीप ग्राम पैलपार में मानस मंडली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम करमु, तोरण, भरमपुरी, उमराव नगर, खैरझीटी, कोसमंदा, गुवारा, सुरजपुरा, नवागांव के मानस मंडलियों ने रामचरितमानस का बारी-बारी पाठ किया। और संगीत के माध्यम से भजन की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया, दीनदयाल साहू, लालाराम साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अनिल सिंघानिया ने कहा, ग्राम पैलपार में धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम हमेशा होते रहता है। यहां के लोग धार्मिक स्वभाव के लोग हैं। कथा सुनाते भी हैं, और कथा सुनते भी हैं। आगे आपने कहा निरंतर हमें अपने जीवन में प्रभु श्री राम की कथा को सुनना चाहिए। क्योंकि उनकी कथा सुनने से हमारा जीवन धन्य होता है। आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि धार्मिक आयोजन कर धर्म के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जो सराहनिय है। इस मौके पर काशी अग्रवाल, बलराम यादव, लीलाधर चंद्राकर , कृपाराम साहू, कौशल वैष्णव, बलिराम साहू, विक्रम साहू, संतु सिन्हा श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती कोहका निवासी शंभुनाथ मैटी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने करीब 6 लाख रुपए का सामान पार कर दिया है। घटना के समय पीड़ित की पत्नी चेकअप कराने अस्पताल गई हुई थी।

**पेज 11 का शेष**

## सतनामी समाज ने ...

ग्राम प्रमुख एवं पूर्व टीआई ध्रुव मार्कण्डेय, पूर्व प्राचार्य गजेन्द्र कुमार डेहरे, पूर्व जनपद सदस्य आगर दास डेहरे,बनसी लाल मार्कण्डेय ,कला राम बंजारे पूर्व सरपंच, प्रमोद मार्कण्डेय ,गजेन्द्र वारे, शुसील वारे, गौरव वारे ,उत्तम वारे, जीवन वारे, टिकेंद्र मार्कण्डेय, मनोज, बीरेन्द्र, भागवत , नरेंद्र ,विक्की मार्कण्डेय, दिग्विजय घृतलहरे, धनी राम बंजारे सहित सैकड़ों समाज के अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। इस पहल से समाज के लोगों में एकता और सहयोग की भावना बढ़ने की उम्मीद है।

## पात्र हितग्राहियों को ...

दिशा में सभी अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर आयोग की उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य और भावना से अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है, उसकी पूर्ति के लिए सभी अधिकारी समर्पित भाव से कार्य करें। बैठक में आयोग के सचिव संकल्प साहू, श्री मिश्रा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता : 100 मीटर दौड़ में कोमल और महक प्रथम

# सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बरगा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं में 100 मीटर दौड़ में कोमल साहू और महक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में राजकुमार और योगिता ने बाजी मारी। कुश्ती में दिव्यांशी और हेमा प्रथम रही। फुगड़ी में गीतांजलि प्रथम रही। कुर्सी दौड़ में रंजना साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, सचिव प्रेम कुमार पटेल, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, नोडल अधिकारी लखन कुमार वर्मा और रोजगार सहायक गणेश तुरकाने पंच प्रतिनिधि डोमार वर्मा, नारायण साहू, रूपेश साहू, मनीराम साहू, श्रवण कुमार साहू, पूर्व सरपंच बल्लूपाल, श्यामलाल साहू, भरत साहू, छन्नूलाल साहू तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

सभी ने खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन की सफलता में सीएचओ रेखा ध्रुव, प्रधान पाठक कन्हैलाल लहरे, शिक्षक रामनारायण पटेल, डॉ. रेवाराम पाल, देविका अंगिरा, अम्बालिका तिवारी और अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक की भूमिका में तिलेश्वरी साहू और मितानिन जयंती अंगिरा, सुरेखा वर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।सभी विजेता खिलाड़ी अब क्लस्टर स्तरीय केशतरा में भाग लेंगे।



## क्षेत्र के गांवों में हुआ सांसद खेल महोत्सव



**साजा।** सांसद खेल महोत्सव ग्राम पंचायत केशतरा में ग्राम केशतरा, बगलेड़ी, खामडीह, तेंदुभाठा के पंजीकृत खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डी, योगासन, फुगड़ी, सुरीली, कुर्सी, 100 मी, 400 मीटर गेड़ी दौड़, बॉलीबॉल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत केशतरा के सरपंच दिलेश्वर साहू ने किया, जिसमें नोडल अधिकारी लखन वर्मा, सहायक विस्तार अधिकारी विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू, चंद्रभान तिवारी, ग्राम पटेल सूरज तिवारी, प्रधानपाठक पवन साहू, राजेश ठाकुर, उमेद सिंह, अग्नू राम साहू, गीतेश देवांगन, प्रदीप कुमार ठाकुर, ओमकार डड़सेना, गणेश्वर ठाकुर, रोशन महिलांगे, नेमेश्वरी साहू, सीमा चक्रधारी, गौतम साहू, पवन ठाकुर, सचिव विजय निर्मलकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका मंडावी, गुलापा वर्मा, ओकेश साहू, नेमा निषाद, अनुपा निषाद, मितानिन जनप्रतिनिधि ग्रामीण रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार सरपंच ग्राम पंचायत केशतरा की ओर से दिया गया। पंचायत स्तर में प्रथम स्थान आने वाले सभी खिलाड़ी जोन स्तर में भाग लेंगे।

## सांसद खेल महोत्सव में युवाओं में दिखा जोश



**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम खपरी में सांसद खेल महोत्सव का आयोज संपन्न हुआ। कार्यक्रम में युवाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने बताया कि /"यह आयोजन युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक खेलों को संरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। वहीं, प्रधान पाठक गणेश रजक ने कहा, सांसद खेल महोत्सव खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे मूल्यों का विकास करता है। यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण नवांकुरों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। महोत्सव में कबड्डी, दौड़, खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को ऊर्जावान बना दिया। छात्राओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही, जो ग्रामीण खेल संस्कृति में एक सकारात्मक संकेत है। इस अवसर पर चंदेल निर्मलकर, पवन निर्मलकर, मिथुन पटेल, तारकेश्वर निर्मलकर, पुरानी निमकर, विद्या निर्मलकर, सचिव पंचराम निषाद, लेखराम वर्मा, चंद्रशेखर कश्यप सहित अनेक ग्रामवासी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# शिविर में 176 छात्रों ने कराया नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जिला अंधत्व नियंत्रण समिति, बेमेतरा के तत्वावधान में पंडित देवी प्रसाद महाविद्यालय, साजा में 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम तथा इंटेंटिफाइड आईसीसी कैंपस एचआई. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति की रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहडेलकर और जिला अंधत्व अधिकारी डॉ. बीएल राज बेमेतरा के मार्गदर्शन में तथा बीएमओ साजा डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा के निर्देशानुसार किया गया।

जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में छात्रों को नेत्र सुरक्षा, नेत्रदान और एचआईवी/एड्स से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। लकार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी विनोद कुमार बघेल, विनोद कुमार साहू (नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी थान खमरिया), अरुण कुमार यादव (एमएलटी साजा) और अभिषेक राजपूत (एड्स कंट्रोल काउंसलर साजा) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. आरडी दीवान, डॉ. आरपी दिनकर, ग्रंथपाल श्री अमित साहू, सहायक प्राध्यापक भोजराम कहर और सुश्री ज्योति कौशल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शिविर के दौरान कुल 176 छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया, साथ ही 56 छात्रों का एचआईवी टेस्ट और 127 छात्रों का एचबी (हीमोग्लोबिन) टेस्ट भी किया गया।

# कारगर साबित होगी पीएम कृषि धन्य धान्य एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

भाजपा किसान मोर्चा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य तथा राजनांदगांव जिला के प्रभारी मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि सिंचाई योजना चला कर देश के अन्न दाताओं को किसान भाई बहनों को लगभग 42 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं का ऐतिहासिक उपहार प्रदान किया है। साथ ही प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ कर किसानों को सौगात दी है। यह कदम किसानों के हित में ऐतिहासिक और कारगर साबित होगा मूलचंद शर्मा ने कहा कि यह दोनों योजना देश के एवं प्रदेश के अन्न दाता भाई बहनों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार कृषि के विषयों पर किसानों के आय को दुगना करने एवं लागत को कैसे कम करें इसकी चिंता करते हुए अनेकों महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसका परिणाम आप धरातल में नजर आ रहा है किसान की जीवन में नई ऊर्जा तथा अवसर एवं आत्मनिर्भरता का संचार हुआ है शर्मा ने यहां भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री को देश एवं छत्तीसगढ़ की जनता साधुवाद देती है उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार इन दो वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ केसपनों को सरकार करने में लगी है।



आगामी 15 नवंबर से प्रदेश के 25 लाख किसानों का 3100 प्रति कुंतल एवं 21 कुंतल प्रति हेक्टेयर के मान से धान खरीदी करने जा रही है जो कि किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम है शर्मा ने अभी कहा कि दोनों योजना 6 वर्षों तक चलेगी समय परिणाम इस अवधि को और आगे बढ़ाया जाएगा किसानों के सशक्तिकरण के दिशा में यह बड़ा कदम है इस योजना से किसानों को प्रोसेसिंग ब्रांडिंग भंडारण के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम कृषि धन्य धान्य एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना किसानों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# ओबीसी आयोग के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक दिवसीय प्रवास मे पहुंचे छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, उपाध्यक्ष चन्द्रकांति वर्मा का सर्किट हॉउस मे भाजपा ओबीसी मोर्चा, ओबीसी महासभा एवं पिछड़ा वर्ग के विभिन्न समाज के सामाजिक जनों ने जोरदार स्वागत किये।

आयोग के अध्यक्ष निषाद इस दौरान ओबीसी समाज एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा की वही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा ओबीसी हित मे किए जा रहे कार्यों एवं लिये गए फैसले की जानकारी दी। स्वागत करने वालों में प्रमुख तौर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, जिला मंत्री रेवाराम निषाद, बेमेतरा शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद विकास तम्बोली, रवि मुलवानी, संदीप यादव, बेमेतरा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गजानंद साहू, महामंत्री डेरहा देवांगन, जनपद सदस्य जितेन्द्र मात्रे, ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष पंचम साहू, उपाध्यक्ष रोमन लाल जायसवाल, प्रनीश रजक,यादव राम साहू, भाजयुमो खंडसरा मण्डल अध्यक्ष गजेंद्र, साहू, ओबीसी मोर्चा बेमेतरा शहर मण्डल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, महामंत्री राकेश वर्मा,निषाद समाज से श्री बोधीराम निषाद, दिलीप निषाद, कांशराम निषाद, एवं बिमलेश निषाद शामिल रहे।

# एचएम धनेश रजक 'बाबा साहब डॉ. अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड' से सम्मानित

**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी के प्रधानपाठक धनेश रजक को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान मुख्य अतिथि सुंदर दास मानिकपुरी और समता साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ज्वाला की उपस्थिति में प्रदान किया गया।




प्रधानपाठक धनेश रजक को यह सम्मान उनके विद्यालय और सामुदायिक उत्थान के लिए किए गए उत्कृष्ट एवं बहुआयामी कार्यों के लिए दिया गया है। उनके सराहनीय कार्यों में शामिल हैं। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और विषयों में नवाचार। विद्यालय को आकर्षक पेंटिंग से सुसज्जित करना। बच्चों को गीत-संगीत और वाद्ययंत्र सिखाना। साक्षरता, नशा मुक्ति, स्वच्छता और जल-पर्यावरण संरक्षण अभियान। स्वयं के खर्च पर विद्यालय में पौधारोपण। विद्यालय में अनुशासन बनाए रखना और भौतिक सुविधाओं में वृद्धि। समुदाय से सहयोग लेकर बच्चों के हित में कार्य करना।

उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंट किया गया। यह प्रधान पाठक धनेश रजक का दर्जन भर सम्मानों में से एक है, इससे पहले उन्हें 'छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025' भी मिल चुका है। इस अवसर पर सरपंच गिरधारी निर्मलकर और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेष नारायण निर्मलकर ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और बधाई दी। विकास खंड साजा के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल को छग सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड बोर्डिंग स्कूल मिला खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शैक्षणिक उत्कृष्टता, विश्व स्तरीय सुविधाओं और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता साबित करते हुए

- **शिक्षा केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि जिम्मेदार और आत्मविश्वासी नागरिक तैयार करना**

एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्कूल ने देश के सबसे प्रतिष्ठित और व्यापक स्कूल सर्वेक्षणों में से एक, एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में पूरे छत्तीसगढ़ में को-एड बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य पुरस्कार समारोह में की गई, जिसमें देश भर के 4,000 से अधिक प्रतिष्ठित और प्रमुख स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह रैंकिंग कठोर मापदंडों पर आधारित है, जो भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का बेंचमार्क मानी जाती है। स्कूल की ओर से प्राचार्य गिरीश कुमार ने यह सम्मानजनक पुरस्कार ग्रहण किया। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग को भारत में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे विश्वसनीय सर्वेक्षण माना जाता है। यह रैंकिंग केवल एकेडमिक परिणामों पर ही नहीं, बल्कि एक स्कूल के व्यापक प्रदर्शन को मापने के लिए 14 विभिन्न मापदंडों पर मूल्यांकन करती है, जिनमें शामिल हैं। शिक्षक क्षमता और विकास नेतृत्व और प्रबंधन गुणवत्ता शैक्षणिक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति विद्यार्थी विकास और देखभाल सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ खेल शिक्षा बुनियादी ढाँचा मूल्यों पर आधारित शिक्षा अंतर्राष्ट्रीयता




**समुदाय सेवा विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए शिक्षा :** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने इन सभी 14 मापदंडों पर असाधारण रूप से उच्च अंक प्राप्त किए, विशेष रूप से शिक्षक क्षमता, विद्यार्थी विकास और आवासीय सुविधाओं में सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की, जिसने इसे छत्तीसगढ़ में नंबर 1 का स्थान दिलाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने अपनी अपार प्रसन्नता और गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सम्मान हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में छत्तीसगढ़ में को-एड बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में नंबर 1 का स्थान प्राप्त करना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परिणाम हमें दर्शाता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और हमारी 'होलिस्टिक एजुकेशन' (समग्र शिक्षा) की रणनीति सफल हो रही है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में, हमारा उद्देश्य सिर्फ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान करना नहीं है, बल्कि ऐसे जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और सक्षम नागरिक तैयार करना है जो कल की दुनिया को नेतृत्व प्रदान कर सकें।

# स्कूल में विदाई समारोह व न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बैजी विकासखंड बेमेतरा में डाइट बेमेतरा से 50 दिवसीय निशुल्क सेवा देने आए छात्र अध्यापकों का विदाई सम्मान समारोह एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे और कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी कोसले सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय, विशिष्ट अतिथि संकुल प्राचार्य संतोष कुमार रात्रे, रमेश तिवारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल लॉलेसरा, चेतन बंजारे, संकुल समन्वयक इमरान अब्दुल खान, जनार्दन, लक्ष्मण प्रसाद पात्रे, ओमप्रकाश पात्रे, जितेंद्र बघेल, साजन वर्मा, एवं शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत पक्ष छात्र अध्यापकों को विदाई सम्मान समारोह स्वागत कर एवं शाला परिवार की ओर से गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात अतिथियों को भी गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने अपने उद्बोधन में प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भले ही प्रधान पाठक ईश्वरी भाई दिव्यांग है लेकिन वह अपने स्कूल और अपने विद्यार्थियों के लिए 100 प्रतिशत समर्पित है। उनका कार्य अनुकरणीय है। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। शिक्षकीय कार्य के साथ साथ गीत संगीत में भी वह दक्ष है। संस्था प्रमुख ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे के मार्गदर्शन में सभी कार्य संपन्न हुआ। तत्पश्चात बच्चों एवं सभी अतिथियों के लिए शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, शत्रुघन कुमार साहू सहायक शिक्षक उनीशा सिंन्हा सहायक शिक्षक भारती वर्मा सहायक शिक्षक छात्र अध्यापक खिलेश कोठारी, नीतीश वर्मा, राजेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, संगीता साहू, किरण साहू, रसोईया राधा वर्मा, मंजू यादव आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता प्रतिमा बघेल सहायिका किरण यादव सफाई कर्मचारी हरिश्चंद्र यादव आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय था। कार्यक्रम का संचालन ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बैजी के द्वारा किया गया।



## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार मास्टर माइंड को पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख,अरूण मेश्राम को गिरफ्तार किया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130